**खबर संक्षेप**

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णतः होगी ऑनलाइन

**शहडोल।** जिला पेंशन अधिकारी एस.एम.सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरणो का निराकरण राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाएगा। राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल में पेंशन प्रकरण के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन होगी एवं पृथक से कोई भौतिक दस्तावेज प्रेषित नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणो को निराकरण हेतु आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में शासकीय सेवक के समस्त सुसंगत विवरण पूर्णतः भरे हुये एवं अद्यतन हो। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवक के पेंशन प्रकरण पेंशन अधिकारी को प्रेषित करते समय अद्यतन विवरण आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में पूर्ण करने तथा आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु परिशिष्ट-1 अनुसार सुसंगत सेवा विवरण (प्रोफाईल) आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में 31 मार्च 2026 तक अद्यतन करने हेतु समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया हैं।

## छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**शहडोल।** नई शिक्षा नीति 2020 में पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ किताबी ज्ञान से परे व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव देकर सीखने की प्रक्रिया को सहज, सरल एवं रूचिकर बनाने हेतु शैक्षणिक भ्रमण का प्रावधान किया गया है। पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में संचालित आईटी तथा ब्यूटी एवं वेलनेस कोर्स के तहत प्राचार्य श्रीमती साधना जैन के मार्गदर्शन में 135 छात्राओं को पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसी तरह ब्यूटीएवं वेलनेश की छात्राओं को शिवानी ब्यूटी पार्लर का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी अरूणिमा सिंह, नीता सोनी, प्रीति श्रीवास्तव, कामता प्रसाद, सुरेंश गुप्ता, व्यवसायिक शिक्षक श्रेया गुप्ता तथा शिवानी गुप्ता का मार्गदर्शन रहा।

## नेशलन गेम में संभाग के खिलाडियों ने जीते 66 पदक

**शहडोल।** भारतीय युद्ध कला प्राधिकरण और नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त 6वी नेशनल मार्शल आट्स गेम्स 27 से 29 दिसंबर तक उज्जैन में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संभाग के 49 खिलाडियों ने एक लाठी चालन एवं दो लाठी चालपन में हिस्सा लिया एवं अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में मुख्य कोच प्रमोद विश्वकर्मा, संभाग के तकनीकी निर्देशक व भारत रेफरी कमीशन के सचिव किशोर साकेत, बालक दल प्रबंधक संजय सिंह कंघीकार, कोच गुरदीप सिंह, बालिका दल प्रबंधक सावित्री शर्मा, बालिका कोच शिवानी नामदेव की भूमिका रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राकेश मिश्रा राष्ट्रीय बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष एवं अन्य द्वारा उत्कृष्ट खिलाडिय़ों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। दल प्रबंधक संजय सिंह कंघीकार ने बताया गया कि प्रतियोगिता में परंपरागत लाठी सहित 14 मार्शल आट्स की विधाओं का आयोजन किया गया।

## स्पीड पोस्ट एवं पार्सल बुकिंग के लिए अब रात 8 बजे तक खुला रहेगा मुख्य डाकघर

**रीवा।** भारतीय डाक विभाग ने आमजनों को सुलभ एवं आसानी से स्पीड पोस्ट एवं पार्सल बुकिंग के लिए जिले के मुख्य डाकघर के काउंटर बुकिंग का समय विस्तारित कर दिया गया है। अवकाश के दिनों को छोड़कर अब प्रतिदिन रात 8 बजे तक स्पीड पोस्ट, पार्सल और डाक बुकिंग का कार्य किया जायेगा। यह देर रात्रि बुकिंग सेवा केवल प्रदेश के सभी मुख्य डाक घरों में उपलब्ध है।


सीवर ढक्कनों पर सीसी सड़क!

# नए साल में शहडोल को मिला अजब-गजब तोहफा

### नगर पालिका की 'विकास योजना' पर उठे सवाल

नए साल की शुरुआत में ही नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड नंबर 11 के इतवारी मोहल्ले में सीवर लाइन के ढक्कनों पर ही सीसी सडक बना दी गई। बिना समुचित निरीक्षण और बिना जवाबदेही के हुए इस कार्य ने नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार और लापरवाही की तस्वीर सामने रख दी है।

शहडोल।





संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 अंतर्गत इतवारी मोहल्ले में कराए गए निर्माण कार्य को लेकर इन दिनों शहर में चर्चा है। बताया गया है कि क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने के लिए सडक़ों को काटा गया था। सीवर लाइन बिछाने वाली कंपनी द्वारा नीचे पाइप लाइन डाली गई और जगह-जगह सीवर लाइन के ढक्कन लगाए गए। नियमों के अनुसार, सीवर लाइन बिछाने के बाद सडक़ का पुनर्निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए था कि ढक्कन सडक़ की सतह के बराबर रहें, ताकि भविष्य में सफाई, मरम्मत और रखरखाव में किसी तरह की समस्या न आए, लेकिन मौके पर जो स्थिति सामने आई, वह नियमों की खुली अनदेखी को दर्शाती है।

### बिना जांच के स्वीकृति पर सवाल

आरोप है कि नगर पालिका ने 2 लाख की सीसी सडक़ निर्माण की मंजूरी दे दी। यह मंजूरी कथित तौर पर पार्षद को साधने और ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वीकृति से पहले न तो स्थल का समुचित निरीक्षण किया गया और न ही यह देखा गया कि सडक़ सीवर लाइन के ऊपर बनाई जानी है। बताया जा रहा है कि इंजीनियर द्वारा मौके पर जाकर कार्य देखने के बजाय कार्यालय में बैठकर ही देखरेख की गई। नतीजतन ठेकेदार ने सीवर लाइन के ऊपर ही सीसी सडक़ बिछा दी और यहां तक कि सीवर लाइन के ढक्कनों को भी पाट दिया गया।

### तकनीकी नियम ताक पर

सीवर लाइन के ढक्कनों पर सीसी सडक़ डालना तकनीकी दृष्टि से गंभीर चूक मानी जाती है। इससे न केवल सीवर लाइन के नियमित रखरखाव में परेशानी आएगी, बल्कि भविष्य में यदि लाइन जाम हुई या मरम्मत की जरूरत पड़ी तो पूरी सडक़ को दोबारा तोडऩा पड़ेगा। इससे एक ओर जहां जनता को असुविधा होगी, वहीं दूसरी ओर सरकारी धन का दोबारा दुरुपयोग भी तय माना जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदार को कम काम देकर भी पूरा भुगतान कर दिया गया। यही कारण है कि यह मामला अब केवल लापरवाही नहीं, बल्कि कथित भ्रष्टाचार के आरोपों तक पहुंच गया है।

### जवाब देने से बचता प्रशासन

मामला सामने आने के बाद नगर पालिका प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया गया है। जिम्मेदार अधिकारी सवालों से बचते नजर आ रहे हैं। न तो यह बताया गया कि सीवर लाइन के ढक्कनों पर सडक़ डालने की अनुमति किस स्तर से दी गई और न ही यह कि तकनीकी स्वीकृति किन आधारों पर दी गई। नगर पालिका की चुप्पी ने लोगों के बीच नाराजगी और अविश्वास को और गहरा कर दिया है। यदि कार्य नियमों के अनुरूप किया गया है, तो फिर निरीक्षण रिपोर्ट, माप पुस्तिका और भुगतान से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने से परहेज क्यों?

### विकास के नाम पर सवालिया निशान

वार्ड नंबर 11 का यह मामला नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है। नए साल में शहर को मिला यह तथाकथित विकास अब चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे शहडोल की उस व्यवस्था का उदाहरण बता रहे हैं, जहां कागजों में सब कुछ दुरुस्त और जमीन पर तस्वीर बिल्कुल उलटी नजर आती है और यही वजह है कि लोग कहने लगे हैं, शहडोल अजब है, शेड्यूल गजब है।

# शहडोल 2026: उम्मीदों के पंख या अधूरे वादों की जंजीर?

### विकास की फाइलों में दबे शहर के सपने, अब जवाबदेही का वक्त

**शहडोल।** कैलेंडर बदल गया है, तारीखें नई हैं और 2025 के पन्नों को पलटकर शहडोल ने नववर्ष 2026 की दहलीज पर कदम रख दिया है, लेकिन क्या साल बदलने के साथ आम आदमी की तकदीर बदली। 31 दिसंबर की रात जहां जश्न के शोर में डूबी थी, वहीं सुबह का सूरज शहरवासियों के लिए उन पुराने सवालों को फिर ले आया, जिनका जवाब सिस्टम पिछले कई सालों से देने में नाकाम रहा है।




### ड्रेनेज का दंश और खुदी हुई सडक़ें

शहडोल शहर के लिए ड्रेनेज प्रोजेक्ट अब विकास नहीं, बल्कि एक नासूर बन चुका है। जगह-जगह खुदी सडक़ें, उड़ती धूल और मानसून में टापू बनता शहर, यही पिछले साल की विरासत रही है। नए साल में जनता प्रशासन से केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर समाधान मांग रही है। 2026 में क्या ड्रेनेज का कार्य पूरा होगा या फिर कछुआ चाल विकास ही शहर की नियति बनी रहेगी।

### ब्यौहारी की लाइफलाइन का इंतजार

ब्यौहारी क्षेत्र वर्षों से रिंग रोड और प्रस्तावित पुलिया के लिए तरस रहा है। व्यापार की गति रुकी है और यातायात एक चुनौती बना हुआ है। दूसरी ओर धनपुरी नगरपालिका क्षेत्र से राहत की खबर है, जहां निर्माणाधीन वाटर पार्क को लेकर उत्साह है। यह न केवल पर्यटन का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया जरिया भी साबित हो सकता है।

### हवाई सपनों की उड़ान और रेल कनेक्टिविटी का संकट

शहडोल की वर्षों पुरानी एयरपोर्ट की मांग अब एक भावनात्मक मुद्दा बन चुकी है। क्या 2026 में जिले को हवाई पट्टी से आगे बढक़र हवाई संपर्क मिलेगा, साथ ही रेल यात्रियों की नजरें नई ट्रेनों की सौगात पर टिकी हैं, ताकि बड़े महानगरों तक शहडोल की पहुंच आसान हो सके।

### प्रशासनिक मजबूती की चुनौती

संभाग स्तर पर नए कार्यालयों की स्थापना की चर्चाओं ने प्रशासनिक मजबूती की उम्मीदें तो जगाई हैं, लेकिन सवाल वही है कि क्या ये कार्यालय सिर्फ कागजों पर सजेंगे या धरातल पर जनता के काम आसान करेंगे। शहडोल ने नई उम्मीदों के साथ 2026 में प्रवेश किया है। यह साल सिर्फ उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन अधूरे कार्यों के लिए जवाबदेही तय करने का है जो वर्षों से लंबित हैं।

# सीईओ ने कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश, ली बैठक

शहडोल।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर ने जनपद पंचायत के सभागार में सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायक की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण शिकायतकर्ताओ से संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं। बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियो को दिलाए, योजनाओ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में ईकेवाईसी कार्य की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के प्रकरणो की निराकरण की स्थिति, पीएम आवास सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एपीओ मनोज मिश्रा सहित ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहें।



## कड़ाके की ठंड में मानवता की गर्माहट

### नंदी गौ सेवा धाम ने शुरू की कंबल-उड़ाह मुहिम




**शहडोल।** हाड़ कंपाने वाली सर्दी में जहां लोग घरों में दुबके हैं, वहीं शहडोल की सडक़ों पर नंदी गौ सेवा धाम के सदस्य देवदूत बनकर निकले हैं। संस्था ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अपना वार्षिक कंबल-उड़ाह अभियान शुरू किया है, जिसके तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अस्पताल परिसर में खुले आसमान के नीचे रात काटने को मजबूर असहायों को कंबल प्रदान किए जा रहे हैं।

### रात के सन्नाटे में सेवा की गूंज

संस्था की टीम रात के अंधेरे में शहर के उन कोनों की खाक छान रही है, जहाँ बेघर लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौ सेवक सिल्लू रजक, विकास जोतवानी, ख़ुशी सोनी और परी जोतवानी सहित अन्य सदस्य प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर जरूरतमंदों को चिन्हित कर रहे हैं और उन्हें गरम कपड़े व कंबल ओढ़ाकर राहत पहुंचा रहे हैं।

### सहयोग आपका- सेवा हमारी का आह्वान

संस्था ने समाज के संपन्न वर्ग से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक कंबल किसी की जान बचा सकता है। सेवा का केंद्र पॉलिटेक्निक हॉस्टल के पीछे, हनुमान घाट (पांडव नगर) को बनाया गया है, जहाँ कोई भी नागरिक सहयोग राशि या सामग्री जमा कर सकता है। मानवता की चादर ओढ़ाएं के इस संदेश के साथ संस्था ने यह स्पष्ट किया है कि जब तक सर्दी का सितम जारी रहेगा, उनका यह सेवा यज्ञ अनवरत चलता रहेगा।

**बुढ़ार के साक्षी ज्वेलर्स पर धोखाधड़ी का आरोप**

# मजदूर की खून-पसीने की कमाई डकार गया सराफा कारोबारी, साल भर बाद सामान देने से किया इंकार

शहडोल।

जिले के बुढ़ार नगर में एक प्रतिष्ठित सराफा दुकान साक्षी ज्वेलर्स की काली करतूत सामने आई है। जहां एक गरीब मजदूर के साथ धोखाधड़ी का ऐसा खेल खेला गया कि अब पीड़ित न्याय के लिए पुलिस के चक्कर काट रहा है। आरोप है कि साक्षी ज्वेलर्स के मालिक भरत लाल सोनी ने बहू के जेवर बनवाने के नाम पर मजदूर से लाखों रुपए ऐंठ लिए और अब सोने के दाम बढने का बहाना बनाकर सामान देने से साफ मुकर गए।









### मजदूर के अरमानों पर फिरा पानी

बनियानटोला निवासी सुभाषचंद्र गुप्ता जो एक निजी दुकान में मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं, उन्होंने अपने बड़े बेटे की शादी के लिए पाई-पाई जोडक़र जेवर बनवाने का सपना देखा था। जनवरी 2025 में उन्होंने साक्षी ज्वेलर्स के संचालक भरत लाल सोनी से संपर्क किया, जहां 80,000 रुपए प्रति तोला के भाव से जेवर बनाने का सौदा तय हुआ।

### किस्तों में वसूली, फिर विश्वासघात की पटकथा

शिकायती पत्र के अनुसार, पीड़ित सुभाषचंद्र ने फोन-पे के माध्यम से दो किस्तों में कुल 1,00,000 रुपए 6 फरवरी को 45,000 और 18 मार्च को 55,000 रुपए एडवांस के तौर पर जमा किए। भरत लाल सोनी ने यह आश्वासन दिया था कि सामान इसी रेट पर बन जाएगा और वे निश्चिंत हो जाएं, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद, जब पीड़ित सामान लेने पहुंचा, तो ज्वेलर्स के सुर बदल गए। अब वह कह रहा है कि सोने के दाम बढ़ गए हैं, मैं सामान नहीं दे पाऊंगा, अपना पैसा वापस ले लो।

### नियम विरुद्ध कार्य और गरीब का शोषण

पीड़ित मजदूर का कहना है कि उन्होंने साल भर पहले एडवांस सिर्फ इसलिए दिया था ताकि भविष्य में बढ़ते दामों से बचा जा सके। अब साल भर बाद जब सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, तब दुकानदार का हाथ खड़े कर देना न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि एक गरीब के विश्वास पर क्रूर प्रहार है। सवाल यह उठता है कि क्या बुढ़ार के सराफा बाजार में ग्राहकों का विश्वास इतना सस्ता है?

### थाने पहुंची शिकायत, सख्त कार्रवाई की मांग

पीड़ित सुभाषचंद्र गुप्ता ने 01 जनवरी 2026 को थाना प्रभारी बुढ़ार को लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि भरत लाल सोनी से फरवरी 2025 में तय किए गए 80,000 रुपए प्रति तोला के रेट के हिसाब से ही उनके बहू के जेवर (चोकर, कान का, चूड़ी, बेंदी और चांदी का बेल्ट) दिलवाए जाएं।

# नशे में धुत अस्पताल कर्मी ने बाइक सवारों को रौंदा एक की मौत, एक गंभीर


**शहडोल।** तेज रफ्तार और नशे की जानलेवा जुगलबंदी ने बुधवार रात शहडोल-रीवा मार्ग पर एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। ब्यौहारी तहसील कार्यालय के समीप हुए एक भीषण सडक़ हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। दिल दहला देने वाली इस घटना का जिम्मेदार वह शख्स है, जिस पर लोगों की जान बचाने का जिम्मा है, ब्यौहारी अस्पताल का एक कर्मचारी।

### शराब के नशे में चूर था सिस्टम का नुमाइंदा

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार आरोपी कार चालक शराब के नशे में इस कदर धुत था कि उसे सडक़ पर बाइक सवार नजर ही नहीं आए। ब्यौहारी से बुढ़वा की ओर जा रहे बाइक सवारों को तहसील कार्यालय के सामने तेज रफ्तार कार ने सीधी और जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार का अगला हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी चालक होश खो चुका था, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ।

### अस्पताल में तोड़ा दम, क्षेत्र में उबाल

हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया। दूसरे घायल की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है, जिसमें नशे की पुष्टि होने की बात सामने आ रही है।



### कब थमेगा सडक़ पर तांडव

इस घटना के बाद समूचे ब्यौहारी क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी ही शराब पीकर मौत बनकर सडक़ों पर दौड़ेंगे, तो आम आदमी कहां सुरक्षित रहेगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ केवल सामान्य दुर्घटना का मामला न दर्ज कर, कड़ी से कड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई दूसरा यमदूत बनकर सडक़ पर न निकले। पुलिस फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन

**शहडोल।** नव वर्ष 2026 के जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्र गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्र गान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ। सामाजिक न्याय विभाग के कला पथक दल द्वारा संगीत मय सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, नए संपल्प एवं नए उत्साह के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का आहवान किया।

सिस्टम से हारी मीरा ने सोशल मीडिया पर मांगी जान की भीख

# नशेड़ी पति की प्रताड़ना और पुलिसिया सुस्ती पर दागे सवाल

शहडोल

प्रदेश में बेटी बचाओ के नारों के बीच एक नवविवाहिता न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। ब्यौहारी क्षेत्र से सामने आए एक सनसनीखेज मामले में, शादी के महज तीन माह बाद ही घरेलू हिंसा का शिकार हुई मीरा अग्रवाल ने अब सोशल मीडिया के जरिए सीधे सरकार से गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस की ढीली कार्रवाई और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बेरुखी के चलते उसे अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है।

### धोखे की बुनियाद और जुल्म की इंतिहा

उत्तर प्रदेश के आगरा की निवासी मीरा अग्रवाल का विवाह जनवरी 2025 में ब्यौहारी के प्रशांत कुमार गुप्ता के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने प्रशांत के नशे की लत को छिपाकर यह शादी रचाई। शादी के बाद जब मीरा ने पति के नशे का विरोध किया, तो उसके साथ जानवरों जैसा सलूक किया जाने लगा। मारपीट इस हद तक बढ़ गई कि नवंबर 2025 में गंभीर जख्म मिलने के बाद मीरा को थाने की शरण लेनी पड़ी।

### खाकी की कार्यप्रणाली पर सवाल



हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने धारा 498 के तहत मामला तो दर्ज किया, लेकिन पीड़िता का कहना है कि आरोपी पति अब भी उसे जान से मारने और दूसरी शादी करने की खुलेआम धमकियां दे रहा है। मीरा ने आरोप लगाया कि उसने स्थानीय विधायक के दरवाजे पर भी न्याय की दस्तक दी, लेकिन वहां से उसे सिर्फ निराशा हाथ लगी। सिस्टम की इसी अनदेखी से टूटकर पीड़िता अब अपने मायके आगरा लौट गई है और वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से सुरक्षा की मांग कर रही है।

### दूसरी शादी, फिर वही बर्बादी

यह मामला इसलिए भी दुखद है क्योंकि यह दोनों की दूसरी शादी थी। मीरा ने अपने पहले पति को सडक़ हादसे में खो दिया था, वहीं प्रशांत की पहली पत्नी का भी निधन हो चुका है। उम्मीद थी कि दोनों एक-दूसरे का सहारा बनेंगे, लेकिन नशा और हिंसा ने इस रिश्ते को नर्क बना दिया। फिलहाल पुलिस जांच की बात कह रही है, लेकिन सवाल वही है कि क्या किसी अनहोनी के बाद ही प्रशासन जागेगा?

## खबर संक्षेप



### माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का हुआ गायन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' एवं राष्ट्रगान ''जन-गण-मन'' का अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे सहित कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ने सामूहिक गायन किया।

### जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सदस्य पद हेतु मतगणना आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 29 दिसंबर को संपन्न हुए मतदान की प्रक्रिया के उपरांत 02 जनवरी आज को मतों की गिनती की जायेगी। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 पद हेतु मतगणना जनपद पंचायत कार्यालय पुष्पराजगढ़ में प्रातः 08 बजे से शुरू होगी।

### जिले में 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित होंगे

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा देने हेतु नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत उमरिया जिले में प्राकृतिक खेती के 25 क्लस्टर बनाये गए हैं,जिसमे प्रत्येक 3 क्लस्टर पर 2 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बी.आर.सी.) की स्थापना की जानी है। बी0आर0सी0 स्थापना हेतु स्थानीय कृषक, कृषि उद्यमी, किसान उत्पाद संगठन, स्वयं सहायता समूह, प्राथमिक सेवा सहाकारी समिति मर्या0 आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय/विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बी.टी.एम. कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 10 जनवरी 2026 तक शाम 6 बजे तक परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय/विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बी.टी.एम. कार्यालय में जमा करा सकते है । आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजो में संस्था का पंजीयन, आधार कार्ड,पैन कार्ड, सदस्यों की सूची, उत्पादन भण्डार व्यवस्था कम से कम दो वर्षो का प्राकृतिक खेती का अनुभव, बी.आर.सी. संचालन का प्लान देना होगा आवेदक को अपने खेत में जैव इनपुट का उपयोगकर्ता होना चाहीये बी.आर.सी. के पास पशुधन, पौधो पर आधारित बायोमास जैसे कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिये यदि गौमूत्र और गोबर की आपूर्ति स्वयं नही हो तो 5 कि.मी. के दायरे में गौशाला होना आवश्यक है।

### 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा शिविर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के नगरीय निकायो में 6 जनवरी 2025 को शिविर आयोजित किए जाएंगे । उन्होनें बताया कि नगर पालिका उमरिया अंतर्गत प्रा.शा. भवन जमुनिहा वार्ड क्रमांक 13, नगर परिषद नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक 12 सांई मंदिर के पास, नगर पालिका परिषद पाली में वार्ड क्रमांक 10 में आंगनबाड़ी बरबसपुर में तथा नगर परिषद चंदिया में वार्ड क्रमांक 10 सामुदायिक भवन के पास जटवार मोहल्ला में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### खतरनाक मोड़ मे खोद दिया गड्ढा, आये दिन हो रही दुर्घटना

**कोतमा।** नगर के उत्कृष्ट विद्यालय से रेस्ट हाउस रोड जाने वाले रास्ते में पुराना गुलाब स्कूल के सामने नल जल योजना के ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा पाइपलाइन सुधार कार्य करने के लिए डामरीकृत सड़क मे गड्ढा खोदा गया था और सुधार कर के बाद गड्ढे को ऐसे ही मिट्टी से ढक दिया गया जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है।

## जनता बेहाल, मुख्यमंत्री को सफारी का चाव: कांग्रेस

# नैतिकता के नाम पर मांगा इस्तीफा

**उमरिया।**

मध्य प्रदेश की सियासत में टाइगर स्टेट के जंगलों से उठी राजनीतिक चिंगारी ने अब भोपाल तक की सरगर्मी बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो दिवसीय उमरिया दौरे को कांग्रेस ने जनता के जख्मों पर नमक करार देते हुए जोरदार हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कोल ने मुख्यमंत्री के इस प्रवास को गैर-जिम्मेदाराना आचरण की पराकाष्ठा बताते हुए उनसे तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

### कांग्रेस का प्रहार

बुधवार को जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बांधवगढ़ के घने जंगलों में टाइगर सफारी का आनंद ले रहे थे और मां बिरासिनी मंदिर में माथा टेक रहे थे, ठीक उसी समय कांग्रेस ने इसे प्रदेश की ज्वलंत समस्याओं से ध्यान भटकाने वाला इवेंट करार दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कोल ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि जब प्रदेश कई संवेदनशील और रूह कंपा देने वाली घटनाओं से जूझ रहा है, तब सूबे के मुखिया का बांधवगढ़ में छुट्टियां मनाना प्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता का अपमान है। विजय कोल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा प्रदेश जल रहा है, कानून-व्यवस्था वेंटिलेटर पर है और मुख्यमंत्री वन्यजीवों के दीदार में व्यस्त हैं। यह दौरा मुख्यमंत्री की संवेदनहीनता और जनता के प्रति उनके शुतुरमुर्गी रवैये को उजागर करता है। क्या प्रदेश की जनता ने उन्हें इसलिए चुना



था कि वे संकट के समय पर्यटन का आनंद लें?

### पीड़ितों के आंसू पोंछने का समय नहीं

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उमरिया और आस-पास के क्षेत्रों समेत पूरे प्रदेश में हाल ही में जो हृदयविदारक घटनाएं हुई हैं, उनसे आम जनमानस सहमा हुआ है। कायदे से मुख्यमंत्री को उन पीड़ित परिवारों के बीच बैठकर उनकी पीड़ा साझा करनी चाहिए थी और लापरवाह प्रशासन की नकेल कसनी चाहिए थी। लेकिन इसके उलट, मुख्यमंत्री का पूरा ध्यान निजी प्रवास और पर्यटन गतिविधियों पर केंद्रित रहा। विजय कोल ने तीखा सवाल दागते हुए कहा कि सरकारी मशीनरी को पीड़ितों को न्याय दिलाने में लगाने के बजाय मुख्यमंत्री की खातिरदारी और सफारी के इंतजामों में झोंक दिया गया। यह दर्शाता है कि सरकार के लिए इवेंट जरूरी है, इंसाफ नहीं।

### नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की गूंज

खबर की धार को तेज करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नैतिकता के आधार पर पद छोडऩे की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस मुख्यमंत्री के पास जनता की चीखें सुनने का वक्त न हो, उसे कुर्सी पर बने रहने का कोई संवैधानिक या नैतिक अधिकार नहीं है। मध्य प्रदेश को इस समय एक जनसेवक की जरूरत है, न कि एक पर्यटक की।

### आर-पार की जंग का ऐलान

कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह इस मुद्दे को ठंडा नहीं होने देगी। विजय कोल ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार इन गंभीर मुद्दों पर जवाबदेही तय नहीं करती और प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह नहीं बनाती, तब तक कांग्रेस सडक़ों पर उतरकर इस पर्यटन प्रेमी सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। इस सियासी घमासान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री का यह उमरिया दौरा भाजपा के लिए गले की हड्डी बन सकता है। कांग्रेस ने इसे सत्ता के अहंकार का प्रतीक बताते हुए जनता के बीच ले जाने की पूरी तैयारी कर ली है।

## महाविद्यालय दल द्वारा स्कूलों का किया जा रहा है भ्रमण



**उमरिया।**

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण विभिन्न संयोजकों द्वारा किया जा रहा है।भ्रमण का उद्देश्य शिक्षा से वंचित उन समस्त युवा पीढ़ीयों के लिए मार्गदर्शन प्रशस्त करने का कार्य कर रही है। शासन के मंशानुरूप कॉलेज चलो अभियान के तहत महाविद्यालय में शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं से अवगत कराना है। विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय इन प्रवेश प्रक्रिया विषय चयन तथा उच्च शिक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध खेल कूद सुविधा, विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा, ई ग्रंथालय, नवीन विषय, स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था आदि के विषय में विस्तार से अवगत कराना है। गत वर्षों में प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों का सबसे महत्वपूर्ण वजह उनकी जागरूकता का अभाव के कारण समय पर ई-प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते थे,उनको अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है।

## वंदेमातरम के गायन के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत

**उमरिया।**

नववर्ष के प्रथम दिन अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता कि उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संगीतमय राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई । इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने शासकीय सेवकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब जनता की सेवा के लिए जिले में पदस्थ हैं। हमारा प्रथम दायित्व है कि



हम जनता के विश्वास में खरे उतरें,उसके लिए हमें सहजता, सरलता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए जन समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करना होगा। आपने कहा कि जनता की सुख समृध्दि के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ सहजता के साथ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य हम सब करें। इस अवसर पर उन्होंने जिलावासियों के सुख समृध्दि तथा जिले के विकास की कामना की ।

## ज्ञानवती सिंह ने फल बांटकर मनाया सिंधिया का जन्मदिन

# नर सेवा से श्रीमंत का जन्मोत्सव

**उमरिया।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 55 वें जन्मदिवस को उनके समर्थकों ने जन सेवा के संकल्प के साथ मनाया। इसी कड़ी में जिले की कद्दावर भाजपा नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह ने सादगी और सेवा का परिचय देते हुए इस दिन को यादगार बनाया।

**मैया के दर पर हाजिरी और मरीजों की सेवा**

कार्यक्रम की शुरुआत जगत जननी माँ बिरासिनी के दरबार से हुई, जहां सुश्री ज्ञानवती सिंह ने माथा टेककर सिंधिया के दीर्घायु होने और



उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुँचकर मरीजों के बीच फल वितरित किए। अस्पताल के वार्डों में पीड़ितों की सेवा करते हुए उन्होंने संदेश दिया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और सिंधिया के आदर्श भी जन कल्याण से ही प्रेरित हैं।

### सादगी ने जीता दिल

जहां राजनीति में शक्ति प्रदर्शन का दौर है, वहीं ज्ञानवती सिंह और उनके साथियों ने बिना किसी ताम-झाम के इस पुण्य कार्य को अंजाम दिया। कार्यक्रम में पवन सम्भर, जनपद सदस्य पुष्पलता सिंह और कौशलेन्द्र सिंह सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। समर्थकों ने कहा कि सिंधिया का व्यक्तित्व देश के लिए प्रेरणा है और उनके जन्मदिवस पर सेवा का यह मार्ग ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न

### अभियान अंतर्गत जिले के 4592 पशुपालकों के घर-घर जाकर दी गई समझाईश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पशुपालकों के घर जाकर संपर्क कर अधिकारियों द्वारा पशु पोषण, नस्ल सुधार और पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. बी बी चौधरी ने जानकारी दी है कि अभियान के तहत जिले के 539 ग्रामों के 4592 पशुपालकों के घर-घर जाकर सम्पर्क किया गया। विभागीय अमले द्वारा पशुपालकों के घर-घर संपर्क कर संतुलित आहार प्रबंधन, हरे चारे की उपलब्धता, कृत्रिम गर्भाधान एवं टीकाकरण की स्थिति की जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत पशुपालन तकनीकों, नियमित टीकाकरण, रोग रोकथाम एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

## नव वर्ष को लेकर नगर के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर्यटन से जुड़े क्षेत्र नजर आए गुलजार



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

साल के आखिरी दिन एवं नव वर्ष को लेकर नगर के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर्यटन से जुड़े क्षेत्र गुलजार नजर आए। नववर्ष को लेकर प्रशासन भी अलर्ट नजर आई। बुधवार की शाम एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से नगर के गलियों पर फ्लैग मार्च करते हुए शांति ढंग से नववर्ष मनाने की अपील की। नगरवासियों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। वाहन चालकों सहित आम नागरिकों को समझाइए दी गई। एसडीएम टी आर नाग, तहसीलदार दशरथ सिंह एवं थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के द्वारा नगर के स्टेशन चौक, गांधी चौक, पंचायती मंदिर, आजाद चौक, महावीर मार्ग, पुराना स्टेट बैंक, सब्जी मंडी रोड सहित अन्य मार्गो का भ्रमण कर व्यापारियों एवं नागरिकों से बातचीत कर कानून व्यस्था का जायजा लिया। सभी को नव वर्ष पर शांति एवं सावधानी से मनाए जाने की अपील की। पुलिस टीम के द्वारा जहां एक दर्जन से ज्यादा सार्वजनिक जगहों पर फ़िक्सि प्वाइंट बनाकर ड्यूटी लगाई गई थी। वही कई वाहनों से लगातार पेट्रोलिंग गस्त कराई गई। रात में होटल एवं ढाबों को समय से बंद कराया गया। वही देर रात में घूमते लोगो को भी घर जाने की समझाइस दी गई। थाना प्रभारी के द्वारा असमाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए सख्त चेतावनी दी गई। शराब पीकर गाड़ी चलाने और शांति भंग करने वालों पर कार्यवाही की बात कही। साल के नए दिन पर क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट एवं पार्क में जमकर भीड़ नजर आई। सुबह से ही लोग मंदिर दर्शन के बाद पर्यटन स्थल एवं उद्यानों का रुख किए। जिसमें ज्यादातर परिवार वाले नजर आए। नगर के पार्क सहित केवई नदी के विभिन्न घाटों, सीतामढ़ी घाट, शिवलहरा, साईं धाम सहित अन्य जगहों में पूरे दिन लोग पिकनिक का आनंद लेते नजर आए। जहां नगर सहित आस पास के लोग भी पहुंच परिवार के साथ समय बिताया।

## मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत 15 हितग्राहियों को वितरित की गई 30 मुर्रा भैंसे

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

नये साल की शुरुआत पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत जिले के चयनित 15 हितग्राहियों को गुरुवार को प्रति हितग्राही 2 मुर्रा भैंस के मान से कुल 30 मुर्रा भैंस का वितरण उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. बी बी चौधरी द्वारा किया गया। जिन हितग्राहियों को मुर्रा भैंस का वितरण किया गया, उनमें कोतमा निवासी बृजेन्द्र प्रजापति तथा मदन चौधरी, ग्राम डोंगराटोला निवासी रामप्रसाद महरा, ग्राम जमुड़ी निवासी श्यामलाल भारिया तथा शंकर भारिया, ग्राम जमुना निवासी विनोद यादव, राहुल यादव तथा मोहित यादव, कोतमा कालरी निवासी लालमन यादव तथा नरेन्द्र



यादव, ग्राम सारंगगढ़ निवासी संदीप कुमार मिश्रा, ग्राम निगवानी निवासी प्रकाश पयासी, ग्राम ठियायी टोला निवासी श्रीमती रेनू यादव तथा धनराज यादव, जमुना कालरी निवासी विनोद यादव शामिल हैं। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी दी है कि डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली 2 मुर्रा भैंसें 5 महीने या अधिक गर्भवती प्रदान की जाती हैं, ताकि वे दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर आय बढ़ा सकें। जिसमें एक इकाई दो मुर्रा भैंस की लागत 2,95,000/- रूपये है। जिसमें शासन की योजना के अनुसार सामान्य अ.पि.व. को 50 प्रतिशत एवं अनु. जाति ज.जाति को 75 प्रतिशत का अनुदान प्रदाय किया जाता है।

## नशे में वाहन चलाने वाले 2 चालकों पर कार्यवाही, वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** कोयलांचल क्षेत्र के बिजुरी पुलिस ने नव वर्ष के आगमन के पूर्व शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त किया है। कार्यवाही को लेकर सहायक उप निरीक्षक बृजेश पांडे ने बताया कि रात में पुलिस गस्त के दौरान वाहनों की जगह चेकिंग किए जाने पर दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालक के द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाते पाया गया। शराबी चालक के द्वारा स्वयं के साथ दूसरों के जीवन पर भी खतरा बना रहता है। दोनों वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रिंक एंड ड्राइव की धारा 185 एवं मोटर व्हीकल अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। वाहनो को जप्त करते हुए चालकों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब के नशे में वाहन बिल्कुल ना चलाएं और अपने साथ दूसरों के जीवन को भी खतरे में ना डालें। वाहन चालक ऊपर हुई कार्यवाही को लेकर शराबी चालकों में खलबली देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में जिले में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक के. के. सोनी ने बताया है कि 16 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत जैतहरी के जनपद पंचायत प्रांगण में, 19 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के सामुदायिक भवन प्रांगण बदरा में तथा 26 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के खेल मैदान एमपीईबी पुष्पराजगढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। अधिक जानकारी हेतु जिला पंचायत अनूपपुर स्थित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में सम्पर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने नेत्रहीन छात्र को दिये 20 हजार रूपए

**कटनी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी आशीष तिवारी ने बड़वारा तहसील के ग्राम विलायतखुर्द निवासी 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित छात्र प्रदीप कुमार रजक को उनकी एलएलबी की उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव अभिनंदन शर्मा भी मौजूद रहे। प्रदीप कुमार रजक वर्तमान में डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी, सागर से बी.ए.एल.एल.बी. की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रदीप कुमार रजक ने हाल ही में अपना आठवां सेमेस्टर 65.49 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है और वर्तमान में नौवें सेमेस्टर में प्रवेश लिया है। उनके शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन को देखते हुए, रेडक्रॉस सोसायटी ने उनकी पढ़ाई में सहयोग जारी रखने का फैसला किया है। यह पहली बार नहीं है जब रेड क्रॉस सोसायटी ने प्रदीप रजक की सहायता की है। पूर्व में भी रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं तत्कालीन कलेक्टर के अनुमोदन पर रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से उन्हें परीक्षा में लेखक की सहायता हेतु तीन बार 20-20 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है।

### दूध के लिये नमूने

**कटनी।** जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं दूध की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले में लगातार खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि टीम द्वारा नेशनल हाईवे स्थित जायसवाल ढाबा के सामने दूध विक्रेता उत्तम यादव से दूध का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार ठाकुर ढाबा भेड़ा से दूध का सैंपल लिया गया जो कि जांच हेतु नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए गए है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर 2 को

**कटनी।** नगर निगम में वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा एक विशेष पहल करते हुए 2 जनवरी 2026 को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रतिमाह शुक्रवार को शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त ने बताया कि शिविरों के माध्यम से निगम के अधिकारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी, एरियर, वेतन विसंगति, पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लंबित कर्मचारियों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने अथवा निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विलासा इंटरनेशनल में नए साल का भव्य आगाज

## सिंगर रोशनी शर्मा की आवाज और DJ की धुनों पर थिरका कोयलांचल क्षेत्र



शहडोल संभाग के बुढार क्षेत्र में नए साल 2026 का स्वागत बेहद यादगार और भव्य तरीके से किया गया।





**बुढार।**

क्षेत्र की सबसे बड़ी न्यू ईयर पार्टी का आयोजन होटल विलासा इंटरनेशनल में हुआ, जहां पूरी रात जश्न का माहौल बना रहा। इस कार्यक्रम ने मनोरंजन और भव्यता के मामले में संभाग के सभी आयोजनों को पीछे छोड़ दिया।

### मुंबई की सिंगर रोशनी शर्मा ने लूटी महफ़िल

पार्टी का मुख्य आकर्षण मुंबई (बॉम्बे) से आईं मशहूर सिंगर रोशनी शर्मा रहीं। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज़ और धमाकेदार परफॉरमेंस से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रोशनी शर्मा के गीतों पर युवा और परिवार झूमने को मजबूर हो गए।

### DJ सिनकोरा और DJ गगन की धुनों पर मचा धमाल

संगीत के सफर को आगे बढ़ाते हुए DJ सिनकोरा (DJ सिनकोरा) और DJ गगन ने समां बांध दिया। देर रात तक चले डीजे सेशन में लोग नए साल के स्वागत में जमकर थिरके। लाइटिंग और साउंड सिस्टम ने पार्टी के अनुभव को किसी मेट्रो सिटी के इवेंट जैसा बना दिया।

### 12 बजे विशेष आतिशबाजी के साथ नव वर्ष का आगाज

जैसे ही रात्रि 12 बजे सभी के मौजूदगी में केक काटकर सेलिब्रेट किया वैसे ही आसमान में रंग बिरंगे आतिशबाजी रंग बिखेरने लगीं और मौजूद लोगों ने नाज गाकर नये साल का जश्न मनाया।

### व्यंजनों का लिया लुत्फ

कार्यक्रम में आए मेहमानों के लिए खाने-पीने का विशेष इंतज़ाम किया गया था। अनेक प्रकार के व्यंजनों के साथ फूड स्टॉल्स पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। इंडियन से लेकर कॉन्टिनेंटल डिशेस तक, विलासा इंटरनेशनल ने मेहमानों की जुबान पर स्वाद का जादू बिखेरा।

### शानदार व्यवस्था और सुरक्षा

होटल विलासा इंटरनेशनल की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की। संभाग भर से आए वीआईपी और परिवारों के लिए यह आयोजन नए साल की सबसे सुरक्षित और मनोरंजक जगह साबित हुआ। यह आयोजन होटल विलाशा के डायरेक्टर राजेश चमाडिया, मनीष चमाडिया ने कहा कि यह आयोजन होटल के सहयोगियों के साथ साथ प्रशासन के सहयोग से इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया जाता है सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।



# पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के घर पहुंचे सांसद एवं विधायक

**ब्यौहारी**

सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा अपने प्रवास के दौरान करकी मंडल के पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवम शुक्ला के घर पहुंच कर उनके बाबा रामाधीन शुक्ला के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के विधायक शरद कोल, सांसद प्रतिनिधि डॉ देवेंद्र त्रिपाठी एवं विमलेश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# दुकानदारों का जीवन यापन हुआ मुश्किल वर्दी को दागदार कर रहे सब इंस्पेक्टर

**होटल दुकानदारों से गुंडागर्दी कर रहे एएसआई**

**ब्यौहारी-**

**नगर में इन दोनों पुलिस दूसरा रूप देखने एवं सुनने को मिल रहा है जहां पुलिस आम जनता को सुरक्षा प्रदान करती है मानपुर तिराहा के पास संचालित दुकानदारों ने बताया किसूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार एक सब इंस्पेक्टर जिसका नाम सुरेश रविदास है अपने वर्दी की बहुत गर्मी है गरीब तबके के लोगों का जीना दुश्वार किया हुआ है जब भी ईनका मन पड़ता है जिसको उसको गाली गलौज देने लगता है दुकानदारों के अनुसार वह स्वयं शराब के नशे में रहते हैं और धमकाया जाता है।**

कहता है तुमको यदि इस थाना के अंतर्गत रहना है तो हमारी बात माननी पड़ेगी नहीं तो तुम लोगों को हम अपनी औकात दिखा देंगे की एक पुलिस की पहुंच कहां तक है ऐसे पुलिस वालों की पहुंच बहुत होती है जो पुलिस के आला अधिकारियों को भी ऐसे पुलिस वालों की वजह सेही पुलिस बदनाम हो रही है आम जनता इससे इस थाने में सुरेश से जमा हुआ है और वर्दी के गर्मी से एवं धमका डरा कर नगर में जीवन यापन कर रहे गरीब तबके के लोगों का जीना हराम कर दिया है।

### 11:00 के बाद तुम्हारी दुकान बंद होनी चाहिए मतलब होनी चाहिए

उसका कहना है तुम लोग 11:00 बजे रात के बाद दुकान बंद कर दो तुम्हारी बिक्री हो या ना हो यह जवाबदारी हमारी नहीं है। 11:00 के बाद तुम्हारी दुकान बंद होनी चाहिए मतलब होनी चाहिए ऐसे पुलिस वाले को आम आदमी वर्दी वाला गुंडा ना कहे तो क्या करें वर्दी के आर में आम नागरिकों का जीना दुश्वार करके रखा हुआ है रीवा शहडोल मार्ग पर मिडवे ट्रीट के आसपास सभी दुकान वाले इस पुलिस वाले से बहुत परेशान हैं कहते हैं इसके वजह से किसी दिन हम लोग कोई गलत कदम उठा लेंगे या फिर सुसाइड कर लेंगे जिसकी जवाबदारी सुरेश पुलिस वाले की होगी हम लोगों को ईमानदारी से जीने रहने नहीं दे रहा है यह पुलिस वाला गुंडा है समाचार पत्र के माध्यम से वहां पर स्थित कई दुकानदारों ने जिला के उच्च अधिकारियों से यह मांग कर रहे हैं कि ऐसे पुलिस वाले को समय रहते सबक सिखाया जाए और पुलिस एवं जनता के बीच जो विश्वास है वह कायम रहे अब देखना यहां है कि समय रहते आला अधिकारी इस वर्दी वाले गुंडा के ऊपर कार्यवाही कर पाते हैं या नहीं या फिर भोली भाले दुकानदार प्रातडित होते रहेंगे।

# सिंधिया के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित कर लिया सेवा का संकल्प सिधिंया के आदर्श अनुकरणीय: ज्ञानवती सिंह भाजपा नेत्री

**बिरसिंहपुर पाली**



भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का जन्म आज के ही दिन मुबंई में 1971 को हुआ था, जिस वजह से उनके समर्थक और अनुयायियों ने देश भर में श्रीमंत सिधिंया जी का 55 वा जन्म दिवस जन सेवा के रूप में मना कर उनके दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली नगर में भाजपा नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह ने भी सिधिंया जी के जन्मोत्सव को मानव सेवा से भरने का काम किया।इस अवसर पर उन्होंने नगर में बिराजित कर्चुली कालीन जगत जननी जगदम्बा बिरासनी मैया के दर्शन कर उनके सुखद भविष्य की कामना की वही पर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुँच कर मरीजों को फल वितरित कर नर सेवा ही नारायण सेवा का परिचय दिया। आज देश भर में सिंधिया के आदर्शो के मानने वाले लोगों ने शांति पूर्ण उनका जन्मदिवस मनाया। इस सादगी पूर्ण कार्यक्रम में पवन सम्भर, पुष्प लता सिंह जनपद सदस्य, कौशलेन्द्र सिंह के साथ दर्जन भर लोगों ने भाग लेकर पुण्य दायी काम में सहभागी बने।

# जनपद अनूपपुर के दो कर्मचारी शासकीय अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर हुए सेवानिवृत

### आयोजित किया गया सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



जनपद पंचायत अनूपपुर के सहायक वर्ग 2 कमलेश त्रिपाठी एवं श्रीमती स्नेह लता त्रिपाठी सहायक वर्ग- तीन 31 दिसंबर को शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर जनपद पंचायत अनूपपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। विदाई सह सम्मान समारोह के अवसर पर जनपद अनूपपुर के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी इमरान सिद्दीकी, बीपीओ रामलोचन दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, लेखपाल बाल गंगाधर सिंह सेंगर सहित स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में श्री त्रिपाठी और श्रीमती त्रिपाठी के योगदान की सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अनूपपुर के साथी अधिकारियों- कर्मचारियो ने कमलेश त्रिपाठी और श्रीमती स्नेह लता त्रिपाठी की सेवाओं को याद किया।

## जिला सीईओ ने निर्माण एवं विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# तकनीकी अधिकारियों को दो टूक हिदायत, लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा

**हरिभूमि न्यूज कटनी**



जिला पंचायत सीईओ सुश्री सिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित ढीमरखेड़ा से पिंडरई एवं अंतर्वेद सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण कर जायज़ा लिया। सुश्री कौर ने सहायक प्रबंधक एवं तकनीकी अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया गया कि तकनीकी मानकों का पालन करते हुए जनोपयोगी गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराते हुए आवश्यक सुधार, मरम्मत और दुरुस्तीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सड़कों पर चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर संकेतक और आवश्यक सूचना पटल लगाएं। नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इसमें लापरवाही बरती जाने पर दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान उन्होंने पिंडरई,दशरमन पटना, भमका और जामुन चुआ पहुंच कर विविध प्रकार की गतिविधियों, निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर जायज़ा जायजा लिया।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने पिंडरई के ग्राम वासियों से आत्मीयता के साथ उनकी तकलीफ एवं समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्य के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में कराए गए निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर संवाद किया। सुश्री कौर ने अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण हेतु तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

### उपार्जन केंद्र एवं शिविर का भी लिया जायजा

इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत दशरमन समिति स्तरीय उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। आयुष्मान कार्ड शिविर का अवलोकन करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से संवाद किया तथा पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत बाउंड्री बाल निर्माण एवं मां की बगिया के तहत कराए गए कार्य का निरीक्षण किया। सुश्री कौर ने शालाओं में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, वितरण,मेन्यू के के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए। सुश्री कौर ने ग्राम पटना और जामुन चुआ पहुंचकर बारिश के पानी के सहेजने हेतु वाटरशेड परियोजना के अंतर्गत नवीन तालाब निर्माण हेतु चयनित स्थलों को देखा। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण संवर्धन एवं संचय के अंतर्गत कराए गए तालाबों और अन्य निर्माण कार्य का स्थल चयन ऐसा करें कि बरसात के पानी की एक-एक बूंद सुरक्षित रहे। उन्होंने भमका में मौसमी सब्जियों के उत्पादन हेतु किसानों को विक्रय किए जाने वाले पौधों को तैयार किए जाने नेट शेड को भी देखा।

# 1278 शालाओं में एफएलएन के तहत मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटनी**

जिले की सभी 1278 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन के द्वितीय चरण के अंतर्गत मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सहभागिता की। एफएलएन के अंतर्गत कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक भाषा एवं गणितीय विकास एवं समझ का मूल्यांकन एवं प्रदर्शन किया जाता है। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार इस बार मेले में अविभावकों के साथ आंगनबाडी के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जिला एवं ब्लाक स्तर के अधिकारियों नें बडी संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता की। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने एकीकृत माध्यमिक शाला रावर्टलाईन में एफएलएन मेले में सहभागिता की तथा बच्चों से संवाद स्थापित किया तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही कैम्पस में संचालित आवासीय बालक छात्रावास रावर्टलाईन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मेले के माध्यम से बच्चों के साथ साथ उनके अविभावकों नें एफएलएन के मूल को समझा। एफएलएन मेलें में जिला भाजपाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी ने शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय सिविल लाईन कटनी में सहभागिता की तथा उपस्थित बच्चों एवं उनके अविभावकों को भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित एफएलएन की बारीकियों को समझनें एवं इसके माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता में विकास के लिये प्रेरित किया।

## जिला मुख्यालय सहित मैकलांचल से लेकर कोयलांचल तक जश्न-ए-माहौल

# नये वर्ष के जश्न में डूबा जिला, किया 2026 का वेलकम

**रात के 12 बजते ही बधाई संदेशों की शुरूआत**

**सभी जिलेवासियों ने अपने-अपने तरीके से किया नये वर्ष का स्वागत**

**पुलिस व्यवस्था भी रही चुस्त-दुरूस्त**

जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल व मैकलांचल समेत ग्रामीण क्षेत्रों में नया साल हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। देर रात घरों व मोहल्लों में जमकर आतिशबाजी चलती रही। लोगों ने एक दूसरे को गिफ्ट व बुके के साथ नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नए साल पर बधाई देने का सिलसिला रात 12 बजे से ही पूरे दिन चलता रहा। लोग एक दूसरे को नववर्ष की बधाई देने और पूरा वर्ष सुख समृद्धि से बीतने की कामना में ही बीत गया। नगर वासियों ने नया साल को मौज मस्ती से मनाने के लिए सुनिश्चित कर रखा था। जैसे ही शाम होती गई लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर




रात को बारह बजे के बाद नए वर्ष के पहले दिन लोगों ने कड़ाके की पड़ रही ठंड के बाद भी होटलों व रेस्टोरेंटों में पहुंचकर बच्चों और परिजनों के साथ लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। बधाई संदेश भेजने और बातचीत में सभी के मोबाइल व्यस्त रहे। बाजार में चाहे कितनी महंगी कीमत के उपहार क्यों न उपलब्ध हो, मगर ऐसे खास मौकों पर फूलों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। सुबह से फूलों की दुकानें सजी हुई थी। नववर्ष फूल व बुके लेने के लिए युवाओं की फ्लावर दुकानों पर भीड़ लगी रही वही नए वर्ष की गलन भरी ठंड के साथ हुई। नए वर्ष के मौके पर फूलों और स्टिक की काफी बिक्री हुई। नगर वासियों ने जमकर फूलों और बुकों की खरीदारी की वही नगर मे केक की दुकानों में खरीदारों की सुबह से लेकर देर रात तक भीड़ लगी रही। नगर वासियों ने नए साल मनाने के लिए जमकर उत्साह देखा गया घरों में ही कई लोगों ने परिवार के साथ नए साल मनाने की तैयारी कर रखी थी।

### कोतमा में मंदिरों में उमड़ी भीड़

नव वर्ष के पर लोगों ने कोतमा नगर के प्रमुख मंदिर दुर्गा मंदिर, शारदा काली मंदिर, धर्मशाला मंदिर, गोहंड्रा काली मंदिर, ठाकुर बाबा धाम मंदिर, पंचायती मंदिर, बूढी माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में जाकर दर्शन करने शुरू किया भोर पहर सुबह पांच बजे से मंदिर परिसर में भीड़ लगने लगी। नव वर्ष को लेकर पहले दिन अच्छी शुरूआत के लिए लोगों ने दर्शन कर पूजा अर्चना किया और भगवान से प्रार्थना करते हुए आशीर्वाद मांगा। नए साल के प्रथम दिन जगह-जगह भजन कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। नए साल को उत्साह पूर्वक बना मानने को लेकर लोग परिवार सहित नदी जलाशय में पिकनिक मनाने भी पहुंचे। साल बीतने के अंतिम दिन पुलिस ने भी शराबियों पर नकेल कसने कमर कसी हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर नगर में जगह-जगह पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जो मोटरसाइकिल में तीन सवारी शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर नजर रखे हुए थे जिसके कारण नया वर्ष शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### नए साल के जश्न में डूबा अमरकंटक, हजारों श्रद्धालु-पर्यटकों ने किया माँ नर्मदा का दर्शन



नववर्ष 2026 के प्रथम दिवस पर पवित्र तीर्थ नगरी अमरकंटक में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नववर्ष का स्वागत माँ नर्मदा के दर्शन-पूजन के साथ करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक अमरकंटक पहुँचे। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त से ही नर्मदा उद्गम कुंड एवं नर्मदा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने विधि-विधान से माँ नर्मदा का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय वर्ष की कामना की। हर-हर नर्मदे के जयघोष से सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। नववर्ष के अवसर पर अमरकंटक के प्रमुख दर्शनीय स्थलों सोनमुड़ा, कपिलधारा, दुग्धधारा, माई की बगिया एवं श्री यंत्र मंदिर में भी दिनभर पर्यटकों की भारी भीड़ बनी रही। ठंड के मौसम और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में परिवारजन एवं युवा पर्यटक यहाँ पहुँचे। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की गई थी। पुलिस एवं होमगार्ड के जवान लगातार मुस्तैद रहे, वहीं नगर परिषद द्वारा सफाई एवं पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई। स्थानीय व्यापारियों, होटल-ढाबा संचालकों एवं दुकानदारों में भी नववर्ष की भीड़ को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, जिससे क्षेत्र के पर्यटन एवं स्थानीय व्यवसाय को सकारात्मक बढ़ावा मिला। कुल मिलाकर नववर्ष का प्रथम दिवस अमरकंटक में श्रद्धा, शांति और उल्लास के साथ मनाया गया, जहाँ माँ नर्मदा के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं ने नए वर्ष की शुभ शुरुआत की।

### श्री कल्याण सेवा आश्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नववर्ष का उल्लासपूर्ण स्वागत



पवित्र तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में नववर्ष 2026 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, आध्यात्मिक वातावरण और भक्तिभाव के साथ अत्यंत उल्लासपूर्वक किया गया। इस अवसर पर माता भगवती नर्मदा की विधिवत आराधना की गई तथा आश्रम के परम पूज्य गुरु तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज का पूजन-अर्चन कर नववर्ष का स्वागत किया गया। प्रातःकाल वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में संतगण, श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। संपूर्ण आश्रम परिसर "हर-हर नर्मदे" और वैदिक मंत्रों की ध्वनि से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज ने समस्त देश एवं विदेश वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि संतों की परंपरा सदैव "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" की भावना से जुड़ी रही है। नववर्ष हो या वर्ष का कोई भी दिन, संत समाज की यही कामना रहती है कि समस्त मानव समाज सुखी, निरोगी एवं शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करे। कार्यक्रम में श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज, ब्रह्मचारी महाराज, स्वामी जगदीश आनंद महाराज, स्वामी धर्मानंद महाराज, स्वामी शांतानंद महाराज, स्वामी सुंदरानंद महाराज, स्वामी महादेवानंद महाराज, स्वामी रामेश्वर आनंद महाराज तथा श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रमुख ट्रस्टी डमरूधर अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही कार्यक्रम में पत्रकार उमाशंकर पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नववर्ष के इस आध्यात्मिक आयोजन ने आश्रम परिसर को श्रद्धा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया एवं नववर्ष को सेवा, साधना और सद्भाव के संकल्प के साथ मनाया गया।

### छत्तीसगढ़ की पंडरिया विधायक सुश्री भावना बोहरा ने किया माँ नर्मदा का दर्शन-पूजन



छत्तीसगढ़ प्रांत के कबीरधाम (कवर्धा) जिले की पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री भावना बोहरा ने समाप्त होते वर्ष की पूर्व संध्या पर पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा उद्गम स्थल परिसर में पतित पावनी माँ नर्मदा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने माँ नर्मदा से प्रदेश, जिला, विधानसभा क्षेत्र सहित समस्त जनमानस के लिए सुख-समृद्धि, खुशहाली, अमन-चैन और शांति की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। सुश्री बोहरा ने कहा कि "हे माँ नर्मदा, यदि हमसे जाने-अनजाने कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो कृपया क्षमा करें। हम सब आपके नादान बालक हैं। आपकी कृपा-दृष्टि, स्नेह और दया सदैव हम सभी पर बनी रहे। क्षेत्रवासियों में खुशहाली, समृद्धि और शांति का वास हो यही मेरी प्रार्थना है।" प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भी नर्मदा दर्शन के लिए आगमन को लेकर पूछे गए प्रश्न पर विधायक सुश्री बोहरा ने कहा कि "माँ नर्मदा के दरबार में सभी समान हैं। कोई भी दल या पार्टी का नेता हो, सभी माँ नर्मदा से आशीर्वाद लेने आते हैं। सबका उद्देश्य एक ही होता है जनता की सेवा और जनकल्याण। आज मैं भी माँ नर्मदा से आशीर्वाद मांगने आई हूँ कि उनकी कृपा सदैव बनी रहे।"

# रामपुर आंदोलन के बीच एसईसीएल पर निशाना



### किसानों की लड़ाई में बेटी सृष्टि शर्मा की हाजिरी रोकी, परिवार पर नोटिस से बढ़ा विवाद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रामपुर प्रोजेक्ट से जुड़े रोजगार, पुनर्वास और मुआवजे की लंबित मांगों को लेकर जारी किसानों के धरना आंदोलन ने नया मोड़ ले लिया है। पिछले 72 घंटे से लगातार चल रहे इस धरने के बीच अब आरोप है कि आंदोलनकारियों की आवाज़ को कमजोर करने के लिए परिवार के सरकारी-कॉर्पोरेट पदों पर कार्यरत सदस्यों पर दबाव बनाया जा रहा है। इसी क्रम में मामला सामने आया है साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र में जनरल असिस्टेंट कैटेगरी 1 के पद पर कार्यरत सृष्टि शर्मा का। सूत्रों के मुताबिक, सृष्टि शर्मा की हाजिरी रोक दी गई है, जबकि उनके पिता रामपुर प्रोजेक्ट से विस्थापित किसानों के साथ धरने पर बैठे हुए हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि पिता के आंदोलन में शामिल रहने को लेकर मुख्यालय से मौखिक निर्देश दिए गए, जिसके बाद प्रबंधन द्वारा हाजिरी रोकने और परिवारजनों को नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू हुई। मीडिया को जानकारी देते हुए प्रकाश पटले ने बताया कि मुख्यालय से यह कहा गया कि सृष्टि शर्मा के पिता धरने में शामिल हैं, इसलिए कार्रवाई की जा रही है। भाइयों और चाचा को नोटिस भेजा गया है, कार्यालय बुलाकर सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। यह बिल्कुल दबाव बनाने जैसा है। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने भी प्रबंधन की इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है हम अधिकार, पुनर्वास और मुआवजे की बात कर रहे हैं। जवाब में हमें नोटिस और दबाव मिल रहा है। क्या आंदोलन में शामिल होना जुर्म हो गया। आंदोलनकारियों के आरोप के मुताबिक किसानों की मांगें: रोजगार, उचित मुआवजा, पुनर्वास धरना अवधि: 72 घंटे से अधिक प्रबंधन की कार्रवाई: हाजिरी रोकना, नोटिस देना, कार्यालय में तलब करना आरोप: विवाद बढ़ने के बाद यह मामला अब सिर्फ किसानों बनाम प्रबंधन का नहीं, बल्कि "लोकतांत्रिक अधिकार बनाम प्रशासनिक रणनीति" के रूप में भी देखा जा रहा है। कई सामाजिक संगठनों ने भी इस कदम को "अधिकारों पर चोट" बताया है और कहा है कि "रोज़गार पर कार्यरत महिला कर्मचारी को परिजनों के आंदोलन के कारण निशाने पर लेना अनुचित है। फिलहाल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक लिखित बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, आंदोलन जारी रहेगा और अगर परिवारों को दबाव में लिया गया, तो संघर्ष और तेज होगा।

# तालाब नहाने गये वृद्ध की डूबने से मौत, बचाव टीम ने किया शव बरामद




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर टोला में बुधवार की दोपहर घर से कुछ दूर पर स्थित अमृत सरोवर तालाब में नहाने गए 55 वर्षीय वृद्ध भोला सिंह पिता सम्हारू सिंह की नहाने के दौरान तालाब में डूब जाने से मौत हो गई वृद्ध के डूब जाने की जानकारी मिलने पर परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा बुधवार की देर रात तक वृद्ध की खोज बीन की किंतु न मिलने की स्थिति में गुरुवार की सुबह कोतवाली थाना अनूपपुर के सहायक उप निरीक्षक संतोष वर्मा, एसडीईआरएफ टीम के रामनरेश भवेदी अपने सात सदस्यीय टीम के साथ के घटनास्थल पर पहुंचकर खोजबीन करते हुए वृद्ध भोला सिंह के शव को गुरुवार की सुबह तालाब के अंदर से मृत स्थिति में बरामद कर पंचनामा एवं अन्य कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा।

# नवोदय प्रीमियर लीग 2025 का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में भव्य आयोजन

**प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबला रामघाट रॉयल्स एवं व्हाइट पाइरेट्स ऑफ अमरकंटक के मध्य खेला गया**

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकंटक, में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नवोदय प्रीमियर लीग 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन 31 दिसंबर को विद्यालय के क्रिकेट ग्राउंड में दोपहर 3:00 बजे से किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबला रामघाट रॉयल्स एवं व्हाइट पाइरेट्स ऑफ अमरकंटक के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर रामघाट रॉयल्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए व्हाइट पाइरेट्स ऑफ अमरकंटक की टीम ने 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 92 रन बनाए। इसके जवाब में रामघाट रॉयल्स की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मात्र 8.2 ओवरों में 2 विकेट खोकर 94 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### पुरस्कार विवरण

मैन ऑफ द मैचः चंद्र कुमार, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ः मनीष यादव, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ः संगम, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकः आयुष, टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी)ः नूतन नवोदय प्रीमियर लीग 2025 का यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व एवं टीम भावना के विकास की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ। प्रतियोगिता की सफलता पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नववर्ष पर रक्सा कोलमी को स्वास्थ्य सुरक्षा की सौगात

**न्यू जोन इंडिया (टोरेंट पावर) की चलित अस्पताल एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करते हुए न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर) ने नए वर्ष के अवसर पर अनूपपुर जिले के परियोजना प्रभावित क्षेत्र रक्सा कोलमी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में चलित अस्पताल (एम्बुलेंस) सेवा का शुभारंभ किया है। यह पहल कंपनी की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।






### सेवा क्षेत्र एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ

इस चलित अस्पताल एम्बुलेंस सेवा से रक्सा, कोलमी, छुलकारी, दैखल, धुरवासिन, तितरीपौड़ी सहित आसपास के गांवों के निवासियों को लाभ मिलेगा। एम्बुलेंस के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता तथा आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक सुरक्षित परिवहन की सुविधा सुनिश्चित की गई है।

### ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया

इस पहल को लेकर ग्रामीण समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। रक्सा गांव के शंकर, लाल सिंह, पाल सिंह एवं आकाश श्रीवास्तव सहित ग्रामीणों ने कहा कि अब आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी, जिससे जन-जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा। वहीं कोलमी गांव के सुरेश अगरिया, नरेंद्र राठौर, रामस्वरूप एवं अशोक मिश्रा सहित ग्रामीणों ने इस पहल को ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सीनियर वाइस प्रेसिडेंट का आधिकारिक बयान

इस अवसर पर न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय एवं महाप्रबंधक सुशील कांत मिश्रा ने कहा न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का स्पष्ट विश्वास है कि औद्योगिक विकास तभी सार्थक है, जब उसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई जाए। रक्सा कोलमी एवं आसपास के गांवों में चलित अस्पताल एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है। हमारा उद्देश्य है कि परियोजना प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। भविष्य में भी हम स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक पहल करते रहेंगे।

### सीएसआर के माध्यम से मजबूत होता सामुदायिक विश्वास

कंपनी द्वारा यह पहल उस व्यापक सीएसआर रणनीति का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत जनसुनवाई से पूर्व ग्रामीण संवाद, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षा सहयोग एवं खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से परियोजना प्रभावित क्षेत्र में कंपनी और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहभागिता का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हुआ है।


### सतत विकास की दिशा में एक और कदम

न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर) औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को समान महत्व देते हुए ग्रामीण जीवन स्तर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। चलित अस्पताल एम्बुलेंस सेवा इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि कंपनी विकास को केवल अवसंरचना तक सीमित नहीं रखती, बल्कि मानव कल्याण को भी अपनी प्राथमिकता मानती है। कंपनी ने आने वाले समय में भी स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीण समुदाय के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी पहलों को और अधिक विस्तार देने का संकल्प दोहराया है।

# प्रोएक्टिव होकर टीम भावना से कार्य कर आजीविका दीदियों को बनाएं आत्मनिर्भर- सीईओ जिला पंचायत

**आजीविका मिशन के कार्यों की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिला पंचायत सभागार में आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए अमले को टीम भावना से कार्य कर योजना के लक्ष्य अनुसार पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका मिशन के ब्लॉक समन्वयको को लीडरशिप लेकर स्व सहायता समूह की दीदियो को सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व्यवहारिक व प्रभावकारी होना चाहिए जिससे प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हो सके। बैठक में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह सहित जिला तथा ब्लॉक टीम के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने आजीविका मिशन के विभिन्न मदो में व्यय की स्थिति, स्व सहायता समूह के ओरिएंटेशन प्रशिक्षण सीएलएफ, वीपीआरपी, लखपति दीदी से संबंधित एंट्री, लोकोस प्रोफाइल अपडेशन, डिजिटल आजीविका रजिस्टर, एसएचजी बैंक एकाउंट, रिवाल्विंग फंड, एसएचजी बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, सीआरपी की ईकेवाईसी, एक बगिया मां के नाम आदि की समीक्षा की गई। मुद्रा लोन प्रकरण के संबंध में जिला पंचायत की सीईओ ने निर्देश दिए की जिन बैंकों द्वारा मुद्रा लोन के प्रकरणों का बैंक रिजेक्शन किया गया है उन्हें चिन्हित कर विशेष बैठक इस संदर्भ में एलडीएम, बैंकर्स के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने एक बगिया मां के नाम के तहत स्व सहायता समूह की दीदियो को प्रदान किए गए ऋण राशि की वापसी हेतु संबंधित निर्देश दिए।

**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कोतमा जिला अनूपपुर**
**Presidig Officer : श्री अरविन्द बारला**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/23/2025)
ज्योति साहू वगै. ..................आवेदक Vs
भारतीय जीवन बीमा निगम वगै... ..अनावेदक
प्रेषिती- (1) आम जनता
Process Id- 23/2025
पेशी दिनांक :- 14/02/2026
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति साहू पता ने मृतक मुकेश नारायण साहू पिता स्व. दयाराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी गुलाम गढी वार्ड नं. 15 थाना व तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. के द्वारा बीमा पॉलिसी क्रमाक 379585943 थी। मृत्यु मुकेश नारायण साहू दिनांक 25/07/2025 को हो जाने के बाद उसके नाम से जारी उक्त बीमा पालिसी की राशि एवं उस पर मिलने वाला लाभांश राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया जिसकी सुनवाई दिनांक 14/02/2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14/02/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 29/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
सील
अरविन्द बारला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा जिला अनूपपुर